# महाकौशल विकास समिति

पं. क्रं. 1045, दिनांक – 30 मार्च 2002
कार्यालय :– मकान नं. 2419, अलखनंदा टावर के बाजु, गोल चौक, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9826175100, 9424200004 E-mail - mvsraipur@yahoo.in

# वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष २०२०-२१

### 01.औषधि एवं पादप बोर्ड अंतर्गत निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा रायपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होम हर्बल गार्डन योजनांतर्गत निःशुल्क औषधि पौधा वितरण का कार्य किया गया। जिसके अंतर्गत निम्नानुसार औषधि प्रजातियां आडुसा, गिलोय, स्टीरिया, शतावर, कालमेघ, एलोवेरा, गुडमार, तुलसी, वच, हडजोड़, पिप्पली, ब्राम्ही, मुनगा, अंश्वगंधा तथा आंवला प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुमन सिंह तोमर जी द्वारा सभी ग्रामीण क्षेत्रों के स्वसहायता महिला समुह एवं युवा मंडल द्वारा पौधा का वितरण एवं रोपण किया गया।

ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों में अधिक मात्राओं में औषधि पौधे का रोपण किया गया एवं साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए उस पौधें के महत्व को बताया गया। संस्था के सचिव धनसाय सोनवानी एवं अन्य सदस्य गण की सहभागिता में कार्य को सपन्न कराया गया।




### 02.स्वच्छ भारत कार्यक्रम :-


संस्था द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत ग्राम- गभरा विकासखण्ड - पाटन, जिला - दुर्ग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम में स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। साथ ही स्वच्छता के लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में गंदगी से होने वाले घातक बीमारियों से अवगत कराते हुए ग्रामीणो को अपने आस-पास साफ सफाई रखने हेतु अपील किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्रीमति सुमन सिंह तोमर के नेतृव्य में ग्राम के बड़े तालाब की सफाई कार्य का संचालन किया गया। जिसमें ग्रामीणो द्वारा सहभागिता दिखाई गई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव श्री धनसाय सोनवानी जी द्वारा हमर गांव स्वच्छ गांव, स्वस्थ्य भारत के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





## ०३. कोविड -19 जागरूकता कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा ग्राम जामगांव विकासखण्ड पाटन, जिला - दुर्ग में **कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके** अंतर्गत ग्राम के युवा संगठन एवं महिला स्वसहायता समुह के सदस्यों के द्वारा जन-जागरूकता रैली, की आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व **सचिव श्री धनसाय सोनवानी** द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ०२ गंज दुरी माक्स है जरूरी का नारा लगाया गया एवं सैनिटाईजर के उपयोग एवं महत्व को बताया गया। आमजनों को साबुन से बार-बार हाथ धोना, आंख नाक एवं मुह को स्पर्श करने से बचें, खांस रहे एवं छिकतें हुए व्यक्ति से कम से कम ०१ मीटर (०३फीट) की दुरी बनाये रहें, यदि आपको बुखार खांसी या सांस लेने में कठिनाई होती है तो तुरंत चिकित्सा उपचार लें तथा अपने स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा दी गयी सलाह का पालन करें। ग्राम के युवा-युवकतियों द्वारा, महिला स्वसहायता समुह द्वारा माक्स विवरण किया गया।







ग्राम के युवा-युकतियों द्वारा जागरूकता एवं माक्स वितरण

## 04. वृक्षारोपण कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा ग्राम - धनेली जिला - रायपुर के लवन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृव्य संस्था की अध्यक्ष श्रीमति सुमन सिंह तोमर व संचालन संस्था के प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहु के द्वारा किया गया तथा सभी सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामों का भ्रमण कर पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने हेतु प्रचार-प्रसार के माध्यम से वृक्षारोपण किये जाने हेतु विशेष अपील किया गया तथा वृक्षो के लगातार कटाई से वातावरण के संतुलन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया।




कोरोना महामारी में लोगो के आक्सीजन की कमी के महत्व को बताते हुए लोगो से अपील किया गया कि अधिक मात्रा में वृक्षारोपण किया जाये। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों युवाओं व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कार्यक्रम मे हिस्सा लिया साथ ही प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहु जी द्वारा पौधा वितरण करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।




प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहु जी एवं ग्राम वासियों द्वारा वृक्षारोपण

## 05. नुक्कट नाटक कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा धमतरी जिले अंतर्गत कंडेल, नवागांव, साकरा में नुक्कट नाटक कार्यक्रम कोरोना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नुक्कट नाटक के माध्यम से कोरोना महामारी में फैल रहे लोगो को जागरूक करना। इस कार्यक्रम को देखने के लिए आस-पास के ग्रामवासी की उपस्थित रहें। संस्था के प्रबंध संचालक श्री भरत लाल साहु जी के द्वारा कार्यक्रम समापन किया गया।





नुक्कट नाटक कार्यक्रम


## ०6. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस :-

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा दिनांक २१.०६.२०२० को ग्राम झीट, विकासखंड - पाटन, जिला - दुर्ग में शिविर लगाकर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सचिव श्री धनसाय सोनवानी एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे, ग्रामीण के सभी युवाओं और बच्चों ने इस योग दिवस कार्यक्रम में भाग ही नही बल्कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना महत्वपूर्ण इसके बारे में लोगो को जागरूक किया। प्रबंध संचालक श्री द्वारा कोविड-19 महामारी को दुर करने के लिए योगासन जीवन में बहुत जरूरी हैं। इस कार्यक्रम में गांव के युवा-युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।











युवा-युवतियों एवं ग्रामवासियों द्वारा योगाभ्यास

## 07. एड्स जागरूकता आयोजन :-

संस्था द्वारा ०१ दिसंबर २०२० को विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नवागांव विकासखंड - सिमगा जिला - बलौदा बाजार में किया गया। जिसमें संस्था के प्रबंध संचालक श्रीभरत लाल साहु जी द्वारा ग्रामवासियों को एड्स जैसें महामारी के बारे में लोगो को जागरूक किया गया।

